राजस्थान सरकार
निर्वाचन विभाग

क्रमांक एफ.3/III–ए/निर्वा/ईपिक–VII/जन./2011/11407 दिनांक : 30.10.2014

प्रेषकः मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

प्रेषितिः मै. बिप्स, जयपुर।
मै. बाईनरी सिस्टमस, जयपुर।
मै. जैम कम्प्यूटर्स, जयपुर।
मै. मल्टीबेव इनोवेशन, जयपुर।
मै. नैचुरल सोफ्टवेयर्स प्रा. लि. जयपुर।

विषयः **मतदाता फोटो पहचान पत्र कार्यक्रम सप्तम चरण (फेज–VII) के सम्बन्ध में।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस विभाग के आदेश संख्या एफ. 3/III–ए/निर्वा/ईपिक–VII/ जन./2011/9443 दिनांक 27.8.2014 के द्वारा मतदाता फोटो पहचान पत्र कार्यक्रम सप्तम चरण (फेज–VII) के वर्तमान अनुबन्ध को 31.10.2014 तक बढाया गया था। विभाग द्वारा वर्तमान अनुबन्ध को ओर आगे नही बढाते हुये इसे 31. 10.2014 को समाप्त किया जाता है।

इस सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि :–

1. वर्तमान अनुबन्ध के तहत 31.10.2014 के पश्चात् कोई भी मतदाता फोटो पहचान पत्र को तैयार कर आपूर्ति करने का कार्य नही किया जावें।

2. वर्तमान अनुबन्ध के तहत शेष रहे सभी पहचान पत्र दिनांक 31.10.2014 तक सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारियों को आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करे।

3. यदि आपके पास जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा आपूर्ति किये गये होलोग्राम्स अथवा अन्य कोई सामग्री शेष है तो उसे भी तत्काल सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को वापस लौटाया जाना सुनिश्चित करायें।

4. दिनांक 31.10.2014 तक तैयार कर आपूर्ति किये गये विधानसभा वार अन्तिम मतदाता फोटो पहचान पत्र क्रमांक की सूचना सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी एवं इस विभाग को तत्काल प्रेषित करने का श्रम करे जिससे नये अनुबन्धन के तहत तैयार किये जा रहे मतदाता फोटो पहचान पत्रों को नये यूनिक नम्बर से जारी किया जा सके।

5. दिनांक 31.5.2014 से दिनांक 31.10.2014 तक तैयार कर आपूर्ति किये. गये मतदाता फोटो पहचान पत्रों का कम्प्यूटराईज डेटा बैकअप तीन सैट में क्रमशः सम्बन्धित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं विभागीय एस.एल.ए. मैसर्स रील को दिनांक 10 नवम्बर 2014 तक आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित करें।

(डॉ. रेखा गुप्ता)
अति. मुख्य निर्वाचन अधिकारी
राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक एफ.3/III–ए/निर्वा/ईपिक–VII/जन./2011/11407 दिनांक : 30.10.2014

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), राजस्थान।
2. समस्त निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, राजस्थान।
3. समस्त अधिकारीगण निर्वाचन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. श्री डी.के. मिश्रा, मैनेजर, आई.टी., मै. रील, जयपुर।

(एम. एम. तिवारी)
उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी